हरिभूमि

संस्कारधानी भूमि

रायपुर, सोमवार 5 अक्टूबर 2026

आवश्यकता है

डोंगरगढ़ आफिस कार्य हेतु पार्ट टाईम कम्प्यूटर ऑपरेटर की (प्रतिदिन 3 घंटे हेतु) जो कि Tally & Sale Purchase का जानकार हो।

वेतन 7000/- रु. प्रतिमाह

संपर्क करें 7470870092

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
05 अक्टूबर 2026
कूपन नं.
7

बर्थ-डे मनाने ढाबा जा रहे 3 युवकों की मौत

नेशनल हाईवे में सोमनी के समीप इंदावानी में हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नेशनल हाईवे पर सोमनी थाना क्षेत्र के टेडेसरा के पास बीती रात एक भीषण सड़क हादसे में तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। जन्मदिन मनाने के बाद ढाबे में खाना खाने जा रहे पांच दोस्तों की स्विफ्ट डिजायर कार अचानक अनियंत्रित होकर पुलिया से जा टकराई। हादसा इतना जबरदस्त था कि दो युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया वहीं एक की अस्पताल में मौत हुई। हादसे में एक युवक घायल हो गया, जबकि एक अन्य को सामान्य चोट आई है।

पुलिस के अनुसार बीती रात दुर्ग क्षेत्र के निवासी पांच युवक जन्मदिन मना कर दुर्ग की ओर से राजनांदगांव की ओर स्विफ्ट डिजायर कार में सवार होकर खाना खाने ढाबा आ रहे थे। बताया गया कि उक्त कार जैसे ही सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत टेडेसरा नेशनल हाईवे के पास पहुंची ही थी कि कार अचानक अनियंत्रित हो गई और तेज गति में हाईवे के पुलिया से जा टकराई।



नेशनल हाईवे में बढ़ रही दुर्घटनाएं

नेशनल हाईवे में आए दिन हो रही दुर्घटनाओं से आम लोगों में भय व्याप्त होने लगा है। हाल ही में शहर के रेवाडीह चौक में सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार बालक की मौत हो गई थी।

एक युवक घायल

रात लगभग डेढ़ बजे हुए घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। कार में पांच लोग सवार थे, जिन्हें उपचार हेतु मेडिकल कालेज पेण्ड्री ले जाया गया। उक्त दर्दनाक घटना में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि एक की उपचार के दौरान मौत हुई। मृतकों में अभिषेक सिंह, पोषण तिवारी एवं प्रशांत दोषे आदित्य नगर दुर्ग निवासी थे। दुर्घटना में एक युवक घायल है वही एक सामान्य बताया गया है।

हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त

बताया जा रहा है कि दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि कार की पुल से टकराते ही कार के सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था। वही घटना के बाद आस पास से गुजर रहे लोगों में हड़कंप मच गया था। सोमनी पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि कार अनियंत्रित होने के पीछे तेज रफ्तार, चालक की लापरवाही या कोई अन्य वजह थी। इस दर्दनाक घटना से मृतकों के परिवार और परिचितों में शोक का माहौल है। जन्मदिन की खुशियां कुछ ही पलों में मातम में बदल गईं।

गांजा बिक्री का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने गांजा बिक्री के लिए ग्राहक तलाश रहे आरोपी को मौके पर घेराबंदी कर पकड़ा, जिससे 1.931 किग्रा गांजा बरामद कर कार्रवाई किया गया है। पुलिस के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत अवैध गांजा, शराब बिक्री व असामाजिक तत्व, गुण्डा बदमाश और सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के विरूद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अभियान कार्रवाई में 4 अक्टूबर को गठुला पुल आरएमसी फैक्ट्री रोड के पास एक व्यक्ति द्वारा अवैध गांजा बिक्री करने के फिराक में ग्राहक तलाश रहा है कि पुख्ता सूचना पुलिस को प्राप्त हुई।



बैग में था गांजा

सूचना पर पुलिस ने टीम तैयार कर गठुला पुल आरएमसी फैक्ट्री रोड के पास दबीश देकर चारों तरफ से घेराबंदी कर आरोपी कौशलेन्द्र साहू उर्फ कास्तु 22 साल शंकरपुर स्थायी पता बोरसी थाना पदमनाभपुर जिला दुर्ग के कब्जे से एक स्लेटी रंग के बैग में रखे 1.913 किग्रा मादक पदार्थ गांजा कीमती 20000 रुपए के साथ रंगे हाथ पकड़ कर कार्रवाई कर आरोपी के विरूद्ध धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया। आरोपी को न्यायालय आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।

मौसम की मार से सब्जी के दामों में बढ़ोतरी, रसोई का बजट बिगड़ा

- बदली-बारिश से फसल खराब आवक घटते ही दाम आसमान में

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चक्रवर्ती तूफान अर्नब का असर आम आदमी की थाली पर दिखने लगा है। बीते माह हुई बारिश और खराब मौसम के चलते सब्जियों की फसल प्रभावित हुई है। जिसकी वजह से लोकल बड़ी से सब्जियों की आवक कम हो गई है। वहीं अन्य राज्यों से आ रही सब्जियों के दाम बढ़े हुए हैं। जिससे घर की रसोई का बजट बिगड़ रहा है।



सब्जियों के दाम बढ़ने का असर सीधे लोगों की थाली पर पड़ रहा है। बाजार में सब्जियों की आवक आधी होने से सब्जियों के दामों में 30 से 50 फीसदी तक की बढ़ोतरी हुई है। तूफान की वजह से बिगड़े मौसम के चलते किसानों को भी काफी नुकसान हुआ है, ना सिर्फ सब्जी की फसल बल्कि धान में भी किट का प्रकोप दिखाई दे रहा है। लगातार हुई बारिश और बदली से खासकर सब्जी लगाने वाले किसानों काफी क्षति पहुंची है। सब्जियां खराब होने के चलते बाजार में सब्जियों की आपूर्ति उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश से हो रही है।

फसलों को हुआ नुकसान

बिगड़े मौसम की वजह से सब्जियों की फसल प्रभावित हुई है। सब्जी बाड़ियों में पानी भरे होने और तूफान की वजह से बारिश के बीच लगातार सप्ताह भर बदली रहने से सब्जियों में कीट व्याधि का प्रकोप हुआ है, जिसे सब्जियों की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। जिसके चलते धनिया, भिंडी, हरी मिर्च, टमाटर, बैंगन, गोभी, लौकी, तोरई की फसल पर अधिक प्रभाव पड़ा है।

तोरई सौ के पार

तूफान और बारिश में लगभग सभी सब्जियों की फसल प्रभावित हुई है, लेकिन पितृ पक्ष होने के चलते तोरई की मांग बढ़ी हुई है। तोरई की आवाक कम होने की वजह से तरोई 120 रुपये किलो पर बिक रही है। वहीं करेला 80 रुपये, भिंडी 80 रूपये, टमाटर 30 रुपये, प्याज 60 रुपये, कुंदरु 80 रुपये, जिमीकंद 100 रुपये, बरबट्टी 80 रुपये, पत्ता गोभी 20 रुपये, लौकी 20 रुपये, ग्वारफल्ली 120 रुपये और कोचई 100 रुपये किलों में बिक रही है।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHOPEDICS), FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
• HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
• ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
• सभी प्रकार के फ्रेक्चर
• पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
• कमर में टेढ़ापन
• आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिगामेंट का पुर्ननिर्माण
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
22 से 28 अक्टूबर 2026 (7 दिन)
40 सीट शेष
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकामेट, श्री सोमनाथ,
श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:- 9165 411411





खबर संक्षेप

ड्राई डे को थाना के पास शराब बरामद

ठेलकाडीह। ठेलकाडीह थाना से महज करीब 100 मीटर की दूरी पर गत दो अक्टूबर को 53 पौवा देशी शराब बरामद किया गया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर अनिल जांगड़े के कब्जे से 53 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद किया। जप्त शराब की कीमत 4240 रूपए बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायिक आदेश पर उपजेल सलोनी भेज दिया है।

रक्तदान, नेत्र जांच शिविर आयोजित

ठेलकाडीह। युवा भारत, ग्राम पंचायत एवं तेजस्वी शिक्षा एवं सेवा समिति के तत्वावधान में ग्राम बुंदेलीकला में रक्तदान, नेत्र जांच एवं हड्डी जांच शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एमडी ठाकुर प्रदेश उपाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति आयोग थे। इस दौरान जिपं सदस्य शीला सिन्हा, अनिता सिन्हा, परदेसी सोनबोईर, गणेश साहू, दधीबल वर्मा, नोमेश वर्मा, अजय वर्मा, रामखिलावन वर्मा, राकेश साहू, हरिश्चन्द्र सिन्हा, यशवंत वर्मा, मुकेश एवं डॉ. शुभांगी वर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम के आयोजन में शीतल वर्मा, हेमलता वर्मा, भूमिका वर्मा, आरती वर्मा एवं योगिता सहित युवाओं की सक्रिय भूमिका रही।

गौरा- गौरी उत्सव नवंबर में

डोंगरगांव। ब्लाक के ग्राम आसरा में आगामी 11 नवंबर से दो दिवसीय गौरा गौरी उत्सव का आयोजन रखा गया है। सरपंच शरद वैष्णव ने बताया कि यह आयोजन पिछले साल से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के पहले दिन 11 नवंबर को शुभारंभ के बाद कवि भरत द्विवेदी, अनुराग शर्मा नाइट की प्रस्तुती होगी। दूसरे दिन 12 नवंबर को सम्मान समारोह एवं राज्य स्तरीय रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता रखी गई है।

शाला भवन जर्जर, हादसे का खतरा

डोंगरगढ़। ग्राम अछोली का प्राथमिक शाला भवन जर्जर हो गया। भवन की हालत इतनी खराब है कि वह कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकता है। इस भवन के आसपास दिनभर छात्र-छात्राओं की आवाजाही रहती है। शाम को बच्चे इसी परिसर में खेलते नजर आते हैं। भवन की स्थिति को देखते हुए छात्रों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि प्रशासन को किसी अप्रिय घटना का इंतजार किए बिना भवन का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिए। ग्रामीणों ने भवन की स्थिति का जायजा लेकर नियमानुसार हटाने की कार्रवाई करने की मांग की है।



मुरुम के अवैध खनन का खुलासा

डोंगरगढ़। चिरादों रोड स्थित खाद गोदाम के पीछे अवैध मुरुम खनन का मामला सामने आया है। मामले की जानकारी मिलने पर सरपंच, पंच एवं ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर खनन स्थल का निरीक्षण किया। ग्रामीणों के पहुंचते ही खनन में लगे वाहन चालक मौके से फरार हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि बड़े पैमाने पर मुरुम का खनन किया जा रहा है। ग्रामीणों ने मुरुम खनन पर रोक लगाने तथा संबंधित लोगों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है।वहीं ग्रामीणों ने खनन स्थल का सीमांकन एवं दस्तावेजों की जांच करने तथा पर्यावरणीय नुकसान को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।



लिया गया स्वच्छता की शपथ

गंडई पंडरिया। गांधी जयंती के अवसर पर नगर पंचायत में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर सभी ने स्वच्छता बनाए रखने, सार्वजनिक स्थलों पर कचरा न फैलाने तथा प्लास्टिक मुक्त परिवेश का संकल्प लिया। कार्यक्रम अंतर्गत प्रातः पंडरिया मार्ग के गड्ढों को भरवाकर सड़क को समतल किया गया, जिससे निवासियों की आवाजाही में काफी सुधार हुआ। इस अवसर पर नमस्ते योजना के तहत सफाई कर्मियों एवं सहभागियों को सुरक्षा किट वितरित की गई, जिसमें दस्ताने, थैले और आवश्यक सामग्री शामिल थी। इस आयोजन में पार्षद प्रकाश पटेल, अशोक पटेल, सुमन पाटले, सावत देवांगन, एल्डरमेन अशोक देवांगन, सीएमओ अविनाश देवांगन, उप अभियंता विक्रम कपूर, किंसुक यादव, महेंद्र कश्यप, हुलास राम साहू, अविनाश वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।



चित्रकला व भाषण के प्रतिभागी सम्मानित

खैरागढ़। सेवा संकल्प अभियान तहत सेजेस कन्या शाला में आयोजित चित्रकला व भाषण प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर चित्रकला के माध्यम से अपनी रचनात्मक प्रतिभा व भाषण के माध्यम से विचार, अभिव्यक्ति क्षमता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता बाद निर्णायक मंडल के शिक्षक विनयशरण सिंह और डॉ प्रशांत झा ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन के मूल्यांकन आधार पर विभिन्न श्रेणियों में चयनित विद्यार्थियों का चयन किया। समापन अवसर पर चयनित विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित कर उनके प्रयासों की सराहना करते हुए आगे भी रचनात्मक एवं शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया गया। जिला मुख्य आयुक्त भागवत शरण सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचानने और उसे मंच देने में ऐसी प्रतियोगिताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। चित्रकला और भाषण जैसी गतिविधियां बच्चों में रचनात्मकता, विचार अभिव्यक्ति और आत्मविश्वास का विकास करती हैं। प्रतियोगिता में चयनित विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित करना उनके प्रयासों को प्रोत्साहित करने के साथ अन्य विद्यार्थियों को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करता है। सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से शिक्षा, संस्कार और प्रतिभा विकास से जुड़े ऐसे प्रयास आगे भी जारी रहेंगे। इस दौरान बीईओ नीलम सिंह राजपूत, प्राचार्य डॉ. कमलेश्वर सिंह, बीआरसी सुजीत सिंह चौहान, महदीप जंघेल, रुपेश देवांगन, प्रणय महोबे सहित अन्य उपस्थित थे।



निधन



खोमलाल वर्मा

डोंगरगढ़। चैतुखपरी निवासी खोमलाल वर्मा का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार चैतुखपरी मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर लोधी समाज ने शोक व्यक्त किया है।

सेवा संकल्प अभियान जारी, विभिन्न गतिविधियों से लोगों को किया जा रहा जागरूक

पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता का संकल्प







हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

कन्या छात्रावास में पौधारोपण

डोंगरगांव। सेवा संकल्प अभियान के तहत कन्या छात्रावास परिसर में रविवार को पौधरोपण किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी थे। छात्रावास परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोचकर नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के दौरान श्री गांधी ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण को हरा-भरा बनाने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि वह जीवन का आधार हैं। पेड़-पौधे हमें शुद्ध वायु, छाया और अन्य प्राकृतिक संसाधन देते हैं। पर्यावरण की वर्तमान स्थिति को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति को एक पौधा लगाकर देखभाल का संकल्प लेना चाहिए। इस मौके पर दीना पटेल, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, गुलशन हिरवानी, अजू त्रिपाठी, सीएमओ विनम्र जेमा, कोमल साहू, योगेश पटेल, हरि मालेकर, राजा जैन, पद्मनी ठाकुर, राजकुमार वैष्णव आदि मौजूद थे।

चित्रकला से दिया स्वच्छता का संदेश

सड़क अतरिया। सेवा संकल्प अभियान के तहत प्राथमिक पूर्व माध्यमिक शाला खैरबना में शनिवार को चित्रकला स्पर्धा का आयोजन किया गया। छात्रों ने चित्रकला के माध्यम से लोगों को स्वच्छता का संदेश देकर लाभ से अवगत कराया।उपस्थित लोगों ने छात्रों के बनाए चित्रों को काफी सराहा। कार्यक्रम में प्रधान पाठक, शिक्षक एवं ग्रामीण शामिल हुए।

भाषण स्पर्धा के लिए दीपिका चयनित

स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, साल्हेवारा की छात्रा दीपिका रेखा जंघेल ने सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत आयोजित अंग्रेजी माध्यम भाषण प्रतियोगिता में ब्लॉक स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि के साथ ही दीपिका ने जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाया है। दीपिका की उपलब्धि पर मम्मी रेखा जंघेल, दादा-दादी, चाचा-चाची सहित शिक्षक शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी हैं।

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज के तहत तीन महाविद्यालयों में नवाचार, उद्यमिता एवं स्टार्टअप को लेकर कार्यशाला आयोजित किया गया। वीरांगना अवंती बाई महाविद्यालय छुईखदान, अवंतीबाई लोधी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र छुईखदान तथा नवीन महाविद्यालय बाजार अतरिया में आयोजित कार्यक्रमों में 200 से अधिक विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम में जिला नोडल अधिकारी एवं महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र प्रणय बघेल ने विद्यार्थियों को नवाचार, उद्यमिता एवं स्टार्टअप के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को नए विचारों की पहचान करने, स्थानीय समस्याओं के व्यावहारिक समाधान विकसित करने तथा अपने विचारों को नवाचार एवं उद्यमिता के माध्यम से आगे बढ़ाने के संबंध में मार्गदर्शन दिया।



वीरांगना अवंती बाई महाविद्यालय छुईखदान में नवाचार पर मार्गदर्शन, आइडिया पिचिंग कार्यशाला तथा इनोवेशन एवं स्टार्टअप पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने अपने नवीन विचार प्रस्तुत किए तथा उन्हें बेहतर स्वरूप देने के संबंध में मार्गदर्शन प्राप्त किया। इसी प्रकार अवंतीबाई लोधी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 130 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। यहां विद्यार्थियों को कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार की संभावनाओं, समस्या आधारित समाधान तथा नवीन विचारों को उपयोगी उत्पाद एवं सेवाओं के रूप में विकसित करने की जानकारी दी गई। नवीन महाविद्यालय बाजार अतरिया में आयोजित कार्यशाला में लगभग 55 विद्यार्थी शामिल हुए। विद्यार्थियों को सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज की अवधारणा, नवाचार आधारित विचारों और स्टार्टअप की संभावनाओं से परिचित कराया गया।

डोंगरगांव। सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत हाईस्कूल जो शीलमती परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्रभारी प्राचार्य अशोवन्तिन सोरी के निर्देशन, इको क्लब प्रभारी अजय चन्द्रवंशी मार्गदर्शन तथा व्याख्याता चैन कुमार सोनवानी, होरीलाल भुआर्य, गैंदलाल कोलियारे की सहभागिता में छात्र-छात्राओं ने स्कूल परिसर साफ किया।



वाहनों की चोरी, आरोपी व खरीददार गिरफ्तार

- पुलिस ने बरामद किए 6 वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



पुलिस ने मोटरसाइकिल और स्कूटी चोरी करने वाले एक आरोपी सहित वाहन खरीदने वाले तीन अन्य को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कुल 6 मोटरसाइकिल और स्कूटी बरामद की हैं।

बरामद वाहनों की कीमत करीब 1.55 लाख है। पुलिस के अनुसार रेलवे कॉलोनी निवासी हरीहर महतो ने 29 सितंबर को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह 28 सितंबर को उसने ग्रे रंग की एक्टिवा को स्टेशन के स्टाफ वाहन पार्किंग में खड़ा किया था। रात करीब 11 बजे वापस लौटने पर एक्टिवा पार्किंग से गायब मिली। पुलिस विवेचना के दौरान सूचना मिली कि एक्टिवा एक बत्ती पांच रास्ता क्षेत्र में अजय यादव के पास है। पूछताछ में उसने गिरवर उर्फ गोलू यादव से 15 सौ में स्कूटी खरीदना स्वीकार किया।

पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की एक्टिवा बरामद की। अजय यादव के कथन के आधार पर पुलिस ने गिरवर उर्फ गोलू यादव को छिरपानी के पास से पकड़ लिया। पूछताछ में गिरवर ने स्टेशन में एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल छिपाकर रखना बताया।

पूछताछ में गिरवर ने 28, 29 और 30 सितंबर को मोटरसाइकिल एवं स्कूटी चोरी कर उन्हें अलग-अलग लोगों को बेचने की बात स्वीकार की। उसने चोरी की एक्टिवा अजय यादव, एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल वासु मंडावी और पैशन प्रो मोटरसाइकिल आकाश यादव को बेचना बताया। पुलिस ने वासु मंडावी के कब्जे से एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल बरामद की। वासु ने वाहन को गिरवर से 5 हजार में खरीदना बताया। इसी तरह आकाश यादव के कब्जे से पैशन प्रो मोटरसाइकिल बरामद की गई।

आकाश ने वाहन को 18 सौ में खरीदना बताया। पुलिस रिमांड के दौरान पूछताछ के आधार पर दो अन्य मोटरसाइकिल बरामद की गईं। पुलिस ने आरोपी के कब्जे और उसकी निशानदेही पर कुल 6 चोरी के दोपहिया वाहन बरामद किए हैं। चोरी की संपत्ति खरीदने तथा चोरी के माल को छिपाने में सहयोग करने के मामले में अजय यादव, वासु मंडावी और आकाश यादव के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

कांग्रेस का वोट बचाओ देश बचाओ मार्च आठ तक



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

स्थानीय प्रेस क्लब में जिला कांग्रेस अध्यक्ष कोमलदास साहू ने प्रेसवार्ता लेकर देश और प्रदेश के मौजूदा राजनीतिक हालातों के साथ आगामी आंदोलनों पर विस्तार से चर्चा की।

जिला अध्यक्ष साहू ने कहा कि निर्वाचन आयोग और मुख्य निर्वाचन आयुक्त की कार्यप्रणाली तथा वोट चोरी की सच्चाई जनता के सामने आ गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि संविधान में संशोधन कर कानून को प्रभावित करने के साथ मताधिकार को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है जिसके विरोध में कांग्रेस और इंडिया गठबंधन ने दो से आठ अक्टूबर तक जिला स्तरीय लोकतंत्र बचाओ सप्ताह एवं वोट बचाओ देश बचाओ मार्च का आयोजन रखा है। इस संबंध में ब्लॉक स्तर पर बैठक कर जन जागरूकता फैलाई जाएगी।

अभियान की समीक्षा

स्थानीय विश्रामगृह में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गंडई की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में स्मार्ट मीटर हटाओ अभियान की समीक्षा की गई। आगामी लोकतंत्र बचाओ अभियान की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष शत्रुहन मन्नू चंदेल, विनोद तामकार, हेमलता ठाकुर, दिलीप ओगरे, तामेश्वर साहू, शैलेंद्र जायसवाल, शिव कुर्रे, मोहसिन खान, नारायण चतुर्वेदी, अमित टंडन, ताराचंद बंजारे, फिरोज मेमन, सुरेश सिन्हा, पुलेंद्र साहू, रिंकू महोबिया, करण बंजारे, चुक्का मरकाम, ईश्वरदास धृतलहरे सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

सोखता गड्ढे से हैण्डपंप का पानी हुआ दूषित



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

- पानी से आ रही बदबू
- संक्रामक रोग फैलने की आशंका

ग्राम पंचायत मुसराकला में बोर के समीप बनाए गए सोखता गड्ढा से पानी के दूषित होने की जानकारी मिली है। ग्रामीणों ने बताया कि गड्ढे में जमा गंदे पानी के रिसाव के कारण बोर का पानी बदबूदार हो गया है। शिकायत की जानकारी मिलने पर जनपद सीईओ भगवती साहू मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से चर्चा कर स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सीईओ ने गड्ढा बंद कराने के निर्देश पंचायत को दिए। ग्रामीणों का कहना है कि बोर के नजदीक गंदे पानी से भरे गड्ढा होने के कारण पानी की गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका बनी है। इंजीनियर ने भी गड्ढे के कारण पानी में बदबू आने की आशंका व्यक्त की है। ग्रामीणों ने बताया कि शिशु मंदिर के बोर के पास भी इसी तरह का गड्ढा बनाया गया था जिसे तहसीलदार ने बंद कराया था। ग्रामीणों ने मांग की है कि पेयजल स्रोतों के आसपास ऐसे गड्ढों के निर्माण पर रोक लगाने की मांग की है।

रेलवे ट्रैक के पास मिला अज्ञात का शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

हल्दी रेलवे फाटक के आगे पोल नंबर 909/18 के समीप करीब 40 वर्षीय अज्ञात पुरुष का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस के अनुसार मृतक ने सफेद चेकदार शर्ट और नीले रंग की जींस पहने हुए था। उसकी दाहिनी कलाई के पास ओंम तथा बाईं कलाई के पास मोनू नाम का गोदना बना हुआ है। इन्हीं चिन्हों के आधार पर पुलिस मृतक की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। पुलिस चौकी सुकुलदैहान ने आमजन से मृतक की जानकारी होने पर सूचित करने की अपील की है।

श्रीमद भागवत महापुराण 11 तक

डोंगरगांव। स्व शैल वैष्णव की स्मृति में हनुमान मंदिर किल्लापारा में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ रविवार को शोभायात्रा के साथ हुआ। मोखला आरंग के श्री राम जानकी मंदिर के पीठाधीश्वर नवीन कृष्ण वैष्णव महाराज आगामी 11 अक्टूबर तक कथावाचन करेंगे। आयोजक जितेंद्र वैष्णव ने नगरवासियों से शामिल होने का आह्वान किया है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

दुर्ग में निकली व्यसनमुक्ति यात्रा

राजनांदगांव। श्री योग वेदांत सेवा समिति एवं युवा सेवा संघ द्वारा दुर्ग में राज्य स्तरीय विशाल हरिनाम संकीर्तन एवं व्यसनमुक्ति प्रचार यात्रा का आयोजन किया गया। साथ ही तीन दिवसीय तेजस्वी युवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। हरिनाम संकीर्तन एवं व्यसनमुक्ति के संदेश के साथ



निकली इस यात्रा में प्रदेशभर से हजारों लोगों ने व्यसनमुक्त का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। यात्रा के दौरान युवाओं ने व्यसन से दूर रहने तथा समाज को व्यसनमुक्त बनाने का आह्वान किया। यात्रा का शुभारंभ सतरूपा शीतला मंदिर परिसर समृद्धि बाजार से हुआ। इसके बाद यात्रा ने दुर्ग शहर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण किया और अंत में शीतला मंदिर परिसर में इसका समापन किया गया। यात्रा के दौरान मार्गभर लोगों में व्यसनमुक्ति के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

स्वदेशी उत्पाद निर्माण प्रशिक्षण आयोजित

राजनांदगांव। महर्षि वाग्भट्ट गौ संवर्धन एवं अनुसंधान संस्थान राजनांदगांव द्वारा 27 सितंबर से 03 अक्टूबर तक पंचगव्य विद्यापीठम् विस्तार केंद्र बसंतपुर राजनांदगांव में पंचगव्य आधारित स्वदेशी उत्पाद निर्माण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान गव्यसिद्ध डॉ. डिलेश्वर साहू द्वारा



प्रशिक्षणार्थियों को पंचगव्य एवं स्वदेशी उत्पादों के निर्माण की विधि की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में गोमय कंडा, भस्म, धूप, दीपक, पंचगव्य साबुन, गोमूत्र अर्क, गोमूत्र घनवटी एवं पंचगव्य स्नान चूर्ण सहित विभिन्न पंचगव्य आधारित स्वदेशी उत्पादों के निर्माण की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 17 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रतिभागियों को पंचगव्य से बनने वाले विभिन्न स्वदेशी उत्पादों की जानकारी देना और उनके निर्माण की सरल एवं व्यावहारिक विधि से परिचित कराना था।

नशामुक्ति प्रतिज्ञा महाभियान का आयोजन

घुमका। ग्राम हरडुवा हाईस्कूल में ब्रम्हकुमारी राजनांदगांव के तत्वावधान में नशामुक्त भारत अभियान का आयोजन रखा गया। जिसमें स्कूली विद्यार्थियों को नशामुक्ति के उपाय एवं नशा से होने वाले हानिकारक प्रभाव के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। रोहित वर्मा ने बताया कि शिक्षक टेकसिंह साहू अपने उद्घोषणा की शुरुआत करते नशामुक्ति महाअभियान ब्रम्हकुमारी के सदस्यों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शाला विकास समिति अध्यक्ष रुखम वर्मा, उपाध्यक्ष रोहित वर्मा, दशमत वर्मा एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



रक्तदान शिविर में 35 यूनिट रक्तदान

राजनांदगांव। ग्राम पंचायत पांडेटोला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। अपने 40वें जन्मदिन को यादगार बनाने परिक्षेत्र साहू संघ भोलापुर के अध्यक्ष कुमार साहू ने 40वीं बार रक्तदान कर समाजसेवा का अनुकरणीय संदेश दिया। रक्तदान कार्यक्रम में कुल 35 यूनिट रक्तदान किया गया। इस दौरान रक्तदान करने वाले रक्तवीरों को हेलमेट एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया।



टेड़सरा की छात्रा वंदना शर्मा का राज्य स्तर पर चयन

राजनांदगांव। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत विषय पर जिला स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन बलदेव प्रसाद मिश्रा स्कूल में किया गया। जिसमें शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला टेडेसरा की राज्यपाल



पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका श्रीमती पारुल चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में कुमारी रूचि निर्मलकर ने भाषण प्रतियोगिता एवं कुमारी वंदना शर्मा ने चित्रकला प्रतियोगिता में विकासखंड से प्रथम आते हुए जिलास्तर की प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इसमें कुमारी वंदना शर्मा का चयन राज्य स्तर पर चित्रकला के लिए हुआ। जिला स्तरीय आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव एवं अन्य अतिथियों द्वारा कुमारी वंदना को पुरस्कृत किया गया। छात्रा वंदना शर्मा के राज्य स्तर में चयन होने पर स्कूल की प्राचार्या मधुरानी मिश्रा, प्रधान पाठिका सुनीता राव केसलवार, संकुल समन्वयक कामदेव साहू, सरपंच खिलेश्वर साहू एवं समस्त टेड़ेसरा संकुल के शिक्षकों, पारुल चतुर्वेदी ने अपनी शुभकामनाएं दी।

गांधी व शास्त्री जयंती मनाई गई

राजनांदगांव। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय की इतिहास विभाग में 2 अक्टूबर को प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन में महात्मा गांधी और



पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की मनाई गई। प्रारंभ में प्रो. हिरेन्द्र बहादुर ठाकुर द्वारा गांधी एवं शास्त्री की जीवनी पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। उन्होंने गांधी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता एवं स्वालंबन के विचारों पर प्रकाश डाला। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में महात्मा गांधी के योगदान को कभी बुलाया नहीं जा सकता। डॉ. शैलेंद्र सिंह ने लाल बहादुर शास्त्री के योगदान पर प्रकाश डालते कहा कि शास्त्री ने अपने सार्वजनिक जीवन में सादगी, ईमानदारी, अनुशासन के उच्च आदर्श स्थापित किया।प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने देश की राष्ट्रीय सुरक्षा और कृषि के क्षेत्र में विशेष महत्व दिया था। उन्होंने ''जय जवान जय किसान'' का नारा दिया था। शास्त्री ने खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने तथा देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रयासों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर डॉ. अजय शर्मा एवं डॉ. हेमलता साहू सहित विभाग के छात्र-छात्राएं उपस्थित थी।

जिले भर में बनाए गए थे 62 परीक्षा केन्द्र

राज्य सेवा पात्रता परीक्षा में आठ हजार परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा उच्च शिक्षा विभाग अंतर्गत सहायक प्राध्यापक भर्ती के लिए राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) का आयोजन किया गया। दो पालियां में आयोजित हुई सेट 2026 की इस परीक्षा में 20 हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल हुए।

व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा दो पालियों में सुबह 10 बजे से 11.15 बजे तक प्रथम पाली और द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 4.15 बजे तक आयोजित की गई। जिसके लिए जिले में 62 परीक्षा केन्द्र बनाये गए थे। इस परीक्षा के लिए प्रथम पाली में 14202 परीक्षार्थियों के शामिल होने व्यवस्था की गई थी, जिसमें से 10160 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए और 4042 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे । इसी तरह द्वितीय पाली में परीक्षा के लिए 14202 परीक्षार्थी की दर्ज संख्या थी, जिसमें से 10832 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 4070 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

देर से पहुंचे परीक्षार्थी रहे वंचित

व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा निर्धारित जांच प्रणाली से परीक्षार्थियों को गुजरना पड़ा। पूर्व परीक्षाओं की भांति इस परीक्षा में भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, घड़ी, टोपी, बैल्ट, काला चश्मा, कान की बाली, फुल आस्तीन के शर्ट, जूते -मोजे प्रतिबंधित किए गए थे । परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में 1 घंटे पूर्व उपस्थित होने कहा गया था । परीक्षा प्रारंभ होने के आधे घंटे पहले ही गेट बंद कर दिया। कुछ परीक्षार्थी 1 मिनट की देरी होने से परीक्षा देने से वंचित भी रह गए। शहर के दिग्विजय महाविद्यालय गेट के बाहर देर से पहुंचे परीक्षार्थी खड़े होकर मिननते करते रहे लेकिन प्रवेश अवधि समाप्त होने के चलते उन्हें परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया गया।

सरल प्रश्नों से खिले परीक्षार्थियों के चेहरे

परीक्षा देकर निकले परीक्षार्थी प्रवीण कुमार, रंजीता साहू, चेतना साहू, मोनिका साहू, रत्ना, अदिति धामगये ने कहा कि परीक्षा में प्रश्न अच्छे आए थे । ज्यादा कठिन प्रश्न नहीं होने से पेपर अच्छा बना है। परीक्षार्थियों ने कहा की परीक्षा के लिए उन्होंने अपनी अच्छी तैयारी की हुई थी। परीक्षा देने पहुंचे परीक्षार्थियों में महिला परीक्षार्थियों की संख्या अधिक रही।

चिल्लर की समस्या चैंबर की सार्थक पहल



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

त्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स राजनांदगांव द्वारा फुटकर एवं स्थानीय व्यापारियों को चिल्लर की समस्या से राहत दिलाने के उद्देश्य से स्थानीय प्रशासन के सहयोग से 2 अक्टूबर, महात्मा गांधी जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर चिल्लर वितरण अभियान प्रारंभ किया गया। 2 अक्टूबर को स्थानीय हाट बाजार में जिला चैंबर अध्यक्ष कमलेश बैद के मार्गदर्शन में चैंबर महिला विंग की अध्यक्षा सुधा पवार एवं उनके सहयोगियों तथा जिला कोषाध्यक्ष शिव अग्रवाल के सहयोग से सब्जी एवं फुटकर व्यापारियों को चिल्लर वितरित की गई।

इसी क्रम में 3 अक्टूबर को चैंबर अध्यक्ष कमलेश बैद के नेतृत्व में चिखली में फुटकर व्यापारियों को चिल्लर वितरित की गई। इस अवसर पर उत्तम गिड़िया, सुनील कोटाडिया, पवन रूपचंदानी सहित अन्य सहयोगी उपस्थित रहे। वहीं 4 अक्टूबर को प्रातः 9:30 बजे स्थानीय गोल बाजार सब्जी मंडी में राजकुमार बाफना, उत्तम गिड़िया, योगेश सारथी एवं हर्ष पटेल द्वारा सब्जी विक्रेताओं एवं फुटकर व्यापारियों को चिल्लर का वितरण किया गया। इस पूरे चिल्लर वितरण अभियान में स्थानीय प्रशासन द्वारा प्रदान किए गए सहयोग, संवेदनशीलता एवं सहभागिता के लिए छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स, राजनांदगांव हृदय से आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित करता है।

सिंगारपुर में आंगन मिलन उत्सव मना

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



ब्लाक के सिंगारपुर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र एक में जनपद सदस्य मंजू चतुर्वेदी के मुख्य आतिथ्य मे आंगन मिलन उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में वंदना तांडेकर, ठेलकाडीह मंडल भाजपाध्यक्ष भोज बंजारे उपस्थित थे।

मंडल अध्यक्ष भोज बंजारे ने प्रदेश शासन द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रो मे उपलब्ध सेवाओ पूरक पोषण आहार, टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच, स्वास्थ्य एवं पोषण शिक्षा, शाला पूर्व अनौपचारिक शिक्षा सहित अन्य संदर्भ सेवाओ की जानकारी दी और बताया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान जैसी योजनाओं का लाभ भी हितग्राहियो को केंद्र के माध्यम से दिया जा रहा है। उन्होने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को देश की अनमोल धरोहर बताया और कहा कि उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। आंगन मिलन उत्सव को विकसित भारत संकल्प अभियान का हिस्सा बताया गया। कार्यक्रम का संचालन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुष्पा सिंह ने किया। इस दौरान माताए, बच्चों सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

ढाबा में पुलिस की रेड, शराब बीयर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



पुलिस ने एक ढाबा में दबिश देकर अवैध रूप से बिक्री के लिए रखे शराब एवं बीयर को बरामद कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रो के अनुसार तुमडीबोड़ पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 2 अक्टूबर की रात्रि में पुलिस चौकी तुमड़ीबोड़ को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि नेशनल हाईवे कोहका स्थित न्यू बिहार पटना ढाबा का संचालक ढाबा की आड़ में अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है। उक्त कार्रवाई में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक धनीराम नारंगे, सहायक उपनिरीक्षक चुन्नी लाल साहू, आरक्षक थलेश देशमुख एवं पुलिस चौकी तुमड़ीबोड़ स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

पुलिस ने की कार्रवाई

सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर विधिवत रेड कार्रवाई करते हुए आरोपी रंजीत यादव के कब्जे से उसके ढाबा से 7 पौवा शेरा देशी प्लेन शराब, 4 पौवा 20-20 डिलक्स व्हीस्की अंग्रेजी शराब, एक पौवा सिन्डीकेट व्हीस्की अंग्रेजी शराब, 38 पौवा सुपर 36 देशी प्लेन शराब कुल 50 पौवा एवं 16 नग सिम्बा बीयर कुल कीमती 6920 रुपए को बरामद कर आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत अपराध कायम कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया।

जिले के 150 स्काउट-गाइड रायपुर रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



रायपुर में वृहद स्तर पर आयोजित होने वाली सर्वधर्म प्रार्थना सभा में शामिल होने जिले से 150 स्काउट-गाइड के 150 सदस्यीय दल को जिला मुख्य आयुक्त भागवत शरण सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जिला मुख्य आयुक्त श्री सिंह ने स्काउट-गाइड सदस्यों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सर्वधर्म प्रार्थना सभा जैसे आयोजन समाज में आपसी सद्भाव, भाईचारे, शांति और एकता की भावना को मजबूत करने का अवसर प्रदान करते हैं। स्काउट-गाइड संगठन सेवा, अनुशासन और सद्भाव के मूल्यों के साथ ऐसे आयोजनों में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करता है। उन्होंने कहा कि स्काउट-गाइड के लिए सेवा केवल गतिविधि नहीं, बल्कि जीवन का महत्वपूर्ण संस्कार है। विभिन्न धर्मों और समुदायों के लोगों को एक साथ जोडऩे वाले ऐसे आयोजनों में युवाओं की भागीदारी से सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता का संदेश मजबूत होता है। इस दौरान जिला आयुक्त एवं जिला शिक्षा अधिकारी उपेंद्र कुमार देवांगन, प्राचार्य डॉ कमलेश्वर सिंह, जिला सचिव केके वर्मा, ब्लॉक सचिव सुनील गुनी सहित अन्य अधिकारी, पदाधिकारी व स्काउट-गाइड से जुड़े सदस्य उपस्थित रहे।

अनुशासन के साथ सहभागिता का संदेश

रायपुर रवाना होने वाले दल को कार्यक्रम की गरिमा बनाए रखने, अनुशासन का पालन करने और सेवा भावना के साथ आयोजन में सहभागिता करने के लिए प्रेरित किया गया। दल के रवाना होने से पहले उपस्थित पदाधिकारियों ने सभी सदस्यों को सफल यात्रा व कार्यक्रम में बेहतर सहभागिता के लिए शुभकामना दीं। सर्वधर्म प्रार्थना सभा में जिले की यह सहभागिता सेवा, अनुशासन और सद्भाव के संदेश को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

वार्ड में योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शंकरपुर वार्ड क्र. 10 के आंगनबाड़ी केंद्र क्र. 1 में सेवा संकल्प अभियान के तहत वार्ड के चारों आंगनबाड़ी केंद्रों का संयुक्त कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पार्षद शिव वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि आभा श्रीवास्तव उपस्थित रही।

कार्यक्रम में बच्चों के लिए खेल एवं विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। महिलाओं एवं हितग्राहियों को नरेंद्र मोदी की 25 वर्षों की जनसेवा एवं सुशासन की यात्रा तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। आभा श्रीवास्तव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते महिलाओं से बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की अपील की। पार्षद शिव वर्मा ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के पोषण और प्रारंभिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने तथा लोगों को योजनाओं के प्रति जागरूक करने की बात कही।

स्वास्थ्य विभाग की नर्स ने टीकाकरण एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। आंगनबाड़ी संचालिका सुनीता देवी ने अतिथियों एवं महिलाओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं हितग्राहियों की सहभागिता रही।

महरूमकला में मनी राष्ट्रपिता की जयंती

खैरागढ़। ब्लाक के महरूमकला में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जयंती कार्यक्रम मे मंदिर परिसर व सामुदायिक भवन में साफ-सफाई और स्वच्छता अभियान चलाया गया। ठेलकाडीह भाजपा मंडल अध्यक्ष भोज बंजारे ने कहा कि देश की आजादी से लेकर देश के उत्तरोत्तर



विकास मे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने स्वच्छता को जीवन में अपनाने का आह्वान कर कार्यक्रम को विकसित भारत संकल्प अभियान का हिस्सा बताया। कार्यक्रम संचालन पूमाशा प्रधान पाठक नरेंद्र ठाकुर ने किया। इस दौरान ललित चोपड़ा, सरपंच धर्मेंद्र वर्मा, उत्तरा वर्मा, प्राथमिक शाला प्रधान पाठक गोवर्धन सेन सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

चाकू के साथ युवक पकड़ा गया

■ कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने आरोपी युवक से चाकू जब्त कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 4 अक्टूबर को पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली की सोएब खान नामक व्यक्ति द्वारा तुलसीपुर रेल्वे फॉटक के पास चाकू लेकर आने जाने वालों को डरा धमकाकर दहशत फैला रहा है। सूचना पर मौका में पहुंचकर घेराबंदी कर पकड़े जाने पर नाम पता पूछने पर अपना नाम व पता सोएब खान 21 साल निवासी बख्तावर चाल गली नं. 9 तुलसीपुर का रहने वाला बताया। जिसके कब्जे से एक नग लोहे का बटनदार चाकू जब्त कर धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट कायम कर गिरफ्तार कर 4 अक्टूबर को न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

इंदिरा कला संगीत विवि में जिला स्तरीय प्रश्न मंच स्पर्धा

■ 19 विद्यालयों के विद्यार्थी दलों ने प्रतियोगिता में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राजकुमारी इंदिरा सिंह कला संगीत विवि जिला स्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता में जिले के 19 उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थी दलों ने भाग लिया।

दो विद्यार्थी और एक प्रभारी शिक्षक दल में थे जिसमें पीएमश्री डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिंदी माध्यम विद्यालय की भूमिका तिवारी, यामिनी निषाद ने प्रथम, पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय की देवयानी साहू, उपासना साहू ने द्वितीय और पीएमश्री विद्यालय जालबांधा की कुमारी देवकी धनगर, कुमारी मीनाक्षी वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कामठा के ऋषभ कुंजम, जय जंघेल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साल्हेकसा के नवीन साहू, धनेश्वरी साहू और सेजेस गंडई के ईश्वर बंजारे, अन्नू कुंभकार को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। स्पर्धा निर्णायक डॉ. दीपशिखा पटेल सहायक प्राध्यापक लोक संगीत विभाग और पर्यवेक्षक प्रोफेसर काशीनाथ तिवारी पूर्व अधिष्ठाता, लोक संगीत एवं कला संकाय उपस्थित थे।

जिपं कार्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान

अधिकारियों-कर्मचारियों ने किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत सेवा मेरा योगदान व स्वच्छता ही सेवा की भावना को आत्मसात करते हुए जिपं कार्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल के मार्गदर्शन में अधिकारियों कर्मचारियों ने कार्यालय परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।

इस दौरान उप संचालक पंचायत राज तिवारी, एसबीएम जिला समंवयक सलीम खान, दीनानाथ लिहारे, सीके पाण्डेय, गजेंद्र साहू, आशीष साहू, हेमंत देवांगन सहित अधिकारी-कर्मचारी सहित स्टाफ उपस्थित था। सभी ने अभियान के माध्यम से यह संदेश दिया कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी और निरंतर अपनाई जाने वाली जीवनशैली है। उन्होने आम नागरिकों से भी अपने घर, कार्यालय, आसपास के सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की।

स्वच्छ व सुंदर बनाने का संकल्प

अभियान के दौरान कार्यालय परिसर में विभिन्न स्थानों पर फैले कचरो सहित अनावश्यक सामग्री की सफाई कर पूरे परिसर को स्वच्छ व व्यवस्थित रखने श्रमदान किया गया। अधिकारियों-कर्मचारियों ने भी स्वच्छता को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने और कार्यस्थल को स्वच्छ सुंदर बनाने का संकल्प लिया।

कुलपति ने किया पुरस्कार वितरण

स्पर्धा का पुरस्कार वितरण कुलपति प्रो डॉ. लवली शर्मा के मुख्य आतिथ्य, प्रो डॉ राजन यादव, अधिष्ठाता कला संकाय की अध्यक्षता में हुआ। विजेता एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों को पुरस्कार व प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। प्रतियोगिता बाद सभी प्रतिभागियों को विवि के विभिन्न विभागों का भ्रमण कराकर वहां संचालित कक्षाओं व शैक्षणिक गतिविधियों से अवगत कराया गया। आयोजन में जिला शिक्षा कार्यालय के अर्पित सिंह, दीपक वैष्णव, सहायक कुलसचिव विजय कुमार सिंह, डॉ जे मोहन व एकलव्य भारती का सहयोग रहा। संचालन डॉ कौस्तुभ रंजन व आभार प्रदर्शन डॉ देवमाईत मिंज सहा प्राध्यापक हिंदी विभाग ने किया। इस दौरान कन्हैया यादव, शोधार्थी, यासना जोआता, रामेश्वरी महिलांगे, कुलेश्वरी वर्मा, ममता ठाकुर, कृष्ण कुमार नेताम, शरद स्वर्णकार, सुष्मिता चौधरी, ममता वर्मा, देवहूति साहू, अतुल कुमार त्रिपाठी, श्रेया जैन, माहेश्वरी आशीष महिलकर, साक्षी जंघेल, कामता प्रसाद महिलांगे सहित अन्य मौजूद थे।

खुल गया... खुल गया... खुल गया...

कुबोटा

जापानी तकनीक

का शोरुम अब

खैरागढ़ (छुईखदान, गंडई, साल्हेवारा) एवं मोहला के किसानों के लिए खुशखबरी

पता : राजनांदगांव रोड़, खैरागढ़

दम भी भरोसा भी 8 साल की सुपर वारंटी

कुबोटा मतलब
प्रीमियम प्रोडक्ट



बुकिंग प्रारंभ



न्यू

कुबोटा ट्रक बॉडी हार्वेस्टर लांच

सेल्स, सर्विस एवं स्पेयर पार्ट्स सभी सुविधाएं उपलब्ध



किसान भाईयों के लिए
आकर्षक उपहार



3 साल सुपर वारंटी
+ 1 साल स्टैंडर्ड वारंटी*
+ 2 साल एक्सटेंडेड वारंटी*

*नियम एवं शर्तें लागू

बुकिंग करने डायरेक्ट शोरूम आने पर विशेष छूट











अब एक ही छत के नीचे समस्त कृषि उपकरण

कुबोटा चैन हार्वेस्टर

e-CDIS
ईंधन की कम खपत के लिए :- ईको सेंट्रल डायरेक्ट इंजेक्शन तकनीक

4 वाल्व तकनीक
बेहतर ज्वलन और अधिक पावर के लिए

बैलेंसर शाफ्ट
कम कंपन और कम शोर

सिंक्रोमेश गियर
12 फॉरवर्ड 4 रिवर्स

बघेल ट्रैक्टर्स

हेड ऑफिस
एन.एच.06. नागपुर हाईवे रोड
बनभेड़ी, राजनांदगांव (छ.ग.)

ऑफर जानने के लिए कॉल करें: 9753893377, सर्विस एवं स्पेयर : 7067137966

अनियमितता : आधे-अधूरे काम से खिलाड़ियों को नहीं मिल रहा लाभ

शोपीस बनकर रह गया 51 लाख रुपए से निर्मित मिनी स्टेडियम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत कोलेगांव में लाखों रुपए की लागत से बनाया गया मिनी स्टेडियम वर्तमान में खिलाड़ियों के लिए अनुउपयोगी साबित हो रहा है। ग्रामीणों के अनुसार करीब 51 लाख रुपए की लागत से वर्ष 2023-24 में स्वीकृत एवं नवनिर्मित मिनी स्टेडियम का आज तक विधिवत उद्घाटन भी नहीं हुआ है और नव-निर्माण के बाद से कई जरूरी व्यवस्थाएं अधूरी बताई जा रही हैं, जिसके कारण स्थानीय क्रिकेट एवं अन्य खेलों के खिलाड़ियों को इसका अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि मिनी स्टेडियम में अब तक पक्का विद्युत कनेक्शन नहीं हुआ है, मैदान में पर्याप्त मुरुम नहीं डाली गई है और घास की व्यवस्था भी नहीं की गई है। साथ ही साथ खिलाड़ियों के लिए पानी की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए नया बोर खनन के बजाय पुराने मुक्तिधाम के हैंडपंप को ही नया बोर की व्यवस्था के रूप में दर्शाया गया है।

यहां बताना लाजिमी होगा कि इन समस्याओं को लेकर कई बार शिकवा-शिकायत की जा चुकी है। ग्राम सुराज अभियान के दौरान भी स्थानीय युवा खिलाड़ियों ने जिम्मेदार अधिकारियों व शासन प्रशासन के समक्ष समस्याएं रखी गई, इसके बाद एसडीएम द्वारा मिनी स्टेडियम का निरीक्षण भी किया गया था, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि निरीक्षण के बाद भी आधा-अधूरे कार्यों को पूरा कराने की दिशा में अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। बताया जाता है कि मिनी स्टेडियम बनने की घोषणा से गांव के छात्र-छात्राओं और युवा खिलाड़ियों में काफी उत्साह था।

आसपास के गांवों के खिलाड़ी भी यहां खेल गतिविधियां और क्रिकेट मैच आयोजित होने की उम्मीद लगाए हुए थे। लेकिन नव-निर्माण के बाद जरूरी सुविधाएं पूरी नहीं होने से यह मैदान वर्तमान में अपेक्षित उपयोग में नहीं आ पा रहा है।

अधूरे कार्यों को जल्द पूरा कराए जाने की मांग



जिस पर ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि मिनी स्टेडियम के आधा अधूरे कार्यों को जल्द पूरा कराया जाए। ताकि मैदान में पर्याप्त मुरुम, घास, बिजली कनेक्शन और पानी के लिए बोर की व्यवस्था की जाए तथा आवश्यक मरम्मत कार्य कराकर इसे खिलाड़ियों के लिए व्यवस्थित रूप से उपलब्ध कराया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि लाखों रुपए की लागत से तैयार इस खेल परिसर का वास्तविक लाभ तभी मिलेगा, जब सभी आवश्यक सुविधाएं पूरी कर इसे नियमित खेल गतिविधियों के लिए शुरू किया जाएगा।

रानी दुर्गावती की 502वीं जयंती में शामिल हुए मैकलेश्वर राज सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला



वीरांगना रानी दुर्गावती की 502वीं जयंती के अवसर पर बोड़ला में आयोजित कार्यक्रम में युवराज मैकलेश्वर राज सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम में उन्होंने उपस्थित लोगों से मुलाकात की और सभी से आत्मीय संवाद किया।

इस अवसर पर युवराज मैकलेश्वर राज सिंह ने समाज की एकता, विकास और आपसी सहयोग पर जोर देते हुए कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए सभी लोगों को मिलकर सकारात्मक दिशा में कार्य करना चाहिए। उन्होंने युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए शिक्षा, संस्कार, सामाजिक सहभागिता और विकास के क्षेत्र में आगे बढ़ने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने युवराज का आत्मीय स्वागत किया।

उन्होंने सभी से मुलाकात कर उनकी बातों को सुना और सामाजिक विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा की। रानी दुर्गावती के साहस, शौर्य और समाज के प्रति उनके योगदान को स्मरण करते हुए आयोजित यह कार्यक्रम उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन एवं क्षेत्र के लोग उपस्थित थें।

नुक्कड़-नाटक के माध्यम से नशा-मुक्ति का संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

सेवा प्रकल्प कार्यक्रम की तहत शासकीय पीएम श्री उत्कृष्ट विद्यालय पिपरिया में विद्यार्थियों ने नशा-मुक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत नुक्कड़, नाटक स्थानीय बड़े बाजार पिपरिया में प्रस्तुत किया, जिसे सब ने बहुत ही सराहना की।

नशा-मुक्त भारत की सोच सर्वोपरि है आज सभी लोग चाहते हैं कि भारत नशा-मुक्त हो, इस थीम पर नुक्कड़-नाटक का मंचन किया गया। उक्त कार्यक्रम में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओ ने भाग लिया और स्थानीय बड़े बाजार में मंचन किया, नुक्कड़ नाटक का निर्देशन शिक्षिका सुप्रिया तिवारी एवं वीरेन्द्र भूआर्य ने किया था।

उक्त कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष घुरूवा राम साहू, उपाध्यक्ष शिव चरण पटेल एवं समस्त पार्षदगण के साथ-साथ संस्था के प्रभारी प्राचार्य विनोद चंद्रवंशी, पूर्व प्राचार्य नंदकुमार शर्मा, वरिष्ठ व्याख्याता केएल सिंगरौल के साथ साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थी गण उपस्थित थे।

प्रदेश में बनेगा नया धार्मिक रिकॉर्ड, नेवारी गुढ़ा में सजेंगे 117 देवी-देवता का संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के ग्राम नेवारी गुढ़ा में इस बार शारदीय नवरात्रि ऐतिहासिक होने जा रही है। 11 से 20 अक्टूबर तक यहां एक ही पंडाल में 117 देवी-देवताओं की मूर्तियों की स्थापना की जाएगी। यह आयोजन पूरे छत्तीसगढ़ में चर्चा का विषय बन गया है। नव युवक दुर्गोत्सव समिति और प्रमोद चौहान के संरक्षण में यह भव्य आयोजन किया जा रहा है। आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए वॉक-थ्रू दर्शन यात्रा बनाई गई है। जहाँ एक ही जगह पर 51 शक्तिपीठों के दर्शन, नवदुर्गा और चारों धाम की झांकी, भगवान विष्णु के 10 अवतार, अयोध्या के राम लला के दर्शन, छत्तीसगढ़ के 36 लोक देवताओं की प्रतिमाएं देखने को मिलेगी। आयोजकों का दावा है कि ऐसा आयोजन छत्तीसगढ़ में पहली बार हो रहा है। साथ ही रात्रिकालीन में छत्तीसगढ़ के लोक गायक-गायिका अल्का चन्द्राकर, अनुराग शर्मा, देवेश शर्मा जैसे कलाकारों द्वारा माता रानी का जस गायन करेगे। इसको लेकर कवर्धा सहित पूरे जिले के श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह है।

खबर संक्षेप

महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री जयंती पर किया नमन

कवर्धा। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बिपतरा में गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर विद्यार्थियों ने महापुरुषों के आदर्शों को व्यवहार में उतारने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के छायाचित्र पर विद्यार्थियों द्वारा माल्यार्पण से हुई। शिक्षक मोहनीश यदु के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने प्रश्नोत्तर के माध्यम से गांधीजी और शास्त्रीजी के जीवन, विचारों और आदर्शों को समझा। विद्यार्थियों ने सत्य अपनाएं, अहिंसा निभाएं, गांधीजी के सपनों का भारत बनाएं जैसे नारों के माध्यम से उनके विचारों को याद किया। वहीं परिसर की साफ-सफाई कर नियमित जीवनशैली बनाने का संकल्प लिया।

निधन

भागबली साहू

कवर्धा। कैलाश नगर निवासी 72 वर्षीय भागबली साहू का रविवार 4 अक्टूबर को प्रातः 3:30 बजे निधन हो गया।



स्व. भागबली साहू वे सरल एवं मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति थे तथा सामाजिक कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाते थे। वे सीनियर सिटीजन समिति कवर्धा के सक्रिय सदस्य भी थे और समिति के विभिन्न कार्यों में आगे बढ़कर सहयोग करते थे। स्व. भागबली साहू का उनका अंतिम संस्कार लोहारा रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। इस दौरान समाज एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थें, उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

घुटने भर पानी में रिटेनिंगवॉल का निर्माण, गुणवत्ता पर सवाल

ग्रामीणों ने तकनीकी मानकों की अनदेखी का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत प्रधानमंत्री सड़क प्राणखैरा से बसनी मार्ग पर ग्राम पंचायत रेहुटा-सूरजपुर की नरवा के पास रिटेनिंगवॉल का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों ने गुणवत्ता और तकनीकी मानकों के पालन पर सवाल उठाए हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि घुटने भर पानी होने के बावजूद उसी पानी के बीच कंक्रीट का मिक्चर डालकर निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार निर्माण स्थल पर पानी की निकासी की पर्याप्त व्यवस्था किए बिना रिटेनिंगवॉल का काम किया जा रहा है।

उनका कहना है कि निर्माण शुरू होने के बाद से कई बार मौके पर पानी भरा हुआ है, लेकिन उसे पूरी तरह निकालने के बाद ही कंक्रीट डालने की व्यवस्था नहीं की जा रही है। ग्रामीणों ने कंक्रीट मिश्रण में सीमेंट की मात्रा को लेकर भी सवाल उठाए हैं और निर्माण की मजबूती को लेकर चिंता जताई है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी राशि से होने वाले निर्माण कार्य में गुणवत्ता और तकनीकी मानकों का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए, ताकि निर्माण लंबे समय तक टिकाऊ रहे।



तकनीकी व गुणवत्ता जांच कराने की मांग

ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण शुरू होने के बाद ही संबंधित लोगों से कार्य को सही तरीके से कराने और मजबूती का ध्यान रखने की बात कही थी। ग्रामीण ने जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से निर्माण कार्य की तकनीकी जांच कराने तथा गुणवत्ता सुनिश्चित करने की मांग की है।

उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों से मौके पर तकनीकी जांच कराने की मांग की है। इस संबंध में इंजीनियर पवन कुमार ने कहा कि सरकारी कार्य में इसी तरह निर्माण किया जाता है। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य के दौरान पानी की निकासी हो जाएगी और आवश्यकता पड़ने पर मोटर मंगाकर पानी निकाला जाएगा।

पंडरिया स्कूल में नमो गाथा एवं सेवा संकल्प अभियान का भव्य आयोजन

■ छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक से दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला पंडरिया में शनिवार को नमो गाथा एवं सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता जागरूकता पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। नाटक के माध्यम से स्वयं स्वच्छ रहने, गंदगी नहीं करने और दूसरों को भी गंदगी करने से रोकने का संकल्प दिलाया गया। अभियान के तहत विद्यालय में विकसित भारत का सपना विषय पर चित्रकला, सेवा संकल्प अभियान एवं मेरे सपनों का भारत विषय पर भाषण प्रतियोगिता, विद्यालय परिसर एवं आसपास स्वच्छता श्रमदान तथा महापुरुषों की जीवन गाथा पर पुस्तक वाचन कार्यक्रम आयोजित किए गए। चित्रकला प्रतियोगिता में वर्षा देवांगन तथा भाषण प्रतियोगिता में छात्रा दुर्गा हलवाई ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



कार्यक्रम में चंद्र कुमार सोनी, नवल किशोर पांडेय, प्रहलाद मिश्रा, देवेंद्र गुप्ता, हरीश जैन, भास्कर देवांगन, प्रभा देवांगन, मीनाक्षी सिंह, आलोक सिंह सहित जनप्रतिनिधि एवं नगरवासी उपस्थित थें। अतिथियों ने छात्राओं की प्रस्तुतियों की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक प्रभारी व्याख्याता शैल बिसेन ने किया। प्राचार्या एनके एक्का ने अतिथियों, निर्णायकों, शिक्षकों एवं छात्राओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शाला परिवार के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थें।

पनेका हाट बाजार में पंडवानी के माध्यम से एचआईवी एड्स जागरूकता कार्यक्रम



कवर्धा। इंटेंसिफाइड आईईसी कैंपेन-2026 के अंतर्गत शनिवार को ग्राम पनेका के हाट बाजार स्थित सांस्कृतिक मंच में एचआईवी-एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंथी भजन एवं पंडवानी के माध्यम से ग्रामीणों को एचआईवी-एड्स के कारण, लक्षण, बचाव एवं रोकथाम के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्रसिद्ध लोक गायिका श्रीमती प्रतिमा बारले ने पंडवानी विधा के माध्यम से एचआईवी-एड्स से संबंधित जागरूकता संदेश को रोचक एवं प्रभावी तरीके से ग्रामीणों तक पहुंचाया। बताया जाता है कि पंडवानी गायिका श्रीमती बारले को राष्ट्रीय, राजकीय, चक्रधर तथा पंडवानी एवं कला के क्षेत्र में विभिन्न सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है। उनकी प्रस्तुति ने हाट बाजार में उपस्थित ग्रामीणों का ध्यान आकर्षित किया और मनोरंजन के साथ स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण संदेश भी दिया। इस दौरान ग्रामीणों को एचआईवी संक्रमण से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी देते हुए सुरक्षित व्यवहार अपनाने तथा किसी भी प्रकार की भ्रांति से बचने की अपील की गई। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को जागरूकता संबंधी पैम्पलेट वितरित किए गए। साथ ही निरोध का भी वितरण किया गया। कलाजत्था कार्यक्रम के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में एचआईवी-एड्स को लेकर जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में आईसीटीसी परामर्शदाता, सेक्टर सुपरवाइजर, आरएचओ, ग्राम पंचायत के सरपंच एवं पंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरिया की टीम उपस्थित रही। अधिकारियों ने ग्रामीणों से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की अपील की।

20 प्रतिभागियों ने भोरमदेव अभ्यारण्य में किया तितलियों एवं प्रकृति का अध्ययन

बटरफ्लाई मीट सीजन-3 का प्रथम चरण संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भोरमदेव अभयारण्य में आयोजित पंख 2026 बटरफ्लाई मीट सीजन-3 के प्रथम चरण का दो दिवसीय कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आयोजन में कुल 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें छत्तीसगढ़ से 17, महाराष्ट्र से 01, बिहार से 01 एवं ओडिशा से 01 प्रतिभागी शामिल रहे।

कार्यक्रम का आयोजन कवर्धा वनमंडलाधिकारी निखिल अग्रवाल के नेतृत्व में भोरमदेव अभयारण्य की अधीक्षक श्रीमती अनिता साहू के संचालन एवं मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में रेंजर किशोर साहू एवं भोरमदेव अभयारण्य की स्टाफ टीम का सक्रिय सहयोग रहा। दो दिवसीय कार्यक्रम का नेतृत्व ग्रुप लीडर एवं गाइड सुश्री स्वाभा सोनी द्वारा किया गया। इस वर्ष कार्यक्रम में प्रतिभागियों के लिए करियामा गेट में कैंपिंग टेंट स्टे की विशेष व्यवस्था की गई, जिससे प्रतिभागियों को वन क्षेत्र के बीच रात्रि प्रवास एवं प्रकृति के करीब रहने का अनूठा अनुभव प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के समापन अवसर पर फॉर्म-अवलोकन विवरण का एकत्रीकरण, प्रमाण-पत्र वितरण एवं समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। पंख 2026 का उद्देश्य तितलियों एवं अन्य जैवविविधता के प्रति प्रकृति प्रेमियों, युवाओं एवं आमजन में वैज्ञानिक समझ विकसित करने तथा संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता एवं सहभागिता बढ़ाना है। इस आयोजन के माध्यम से प्रतिभागियों को भोरमदेव अभयारण्य की समृद्ध जैवविविधता को करीब से जानने और उसके संरक्षण से जुड़ने का अवसर मिल रहा है। पंख 2026 बटरफ्लाई मीट सीजन-3 के आगामी चरण भोरमदेव अभयारण्य के विभिन्न जैवविविधता समृद्ध क्षेत्रों में आयोजित किए जाएंगे।

दो दिनों में प्रकृति व जैवविविधता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां

प्रथम दिवस प्रतिभागियों के पंजीयन एवं परिचय सत्र के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद विशेषज्ञों द्वारा पीपीटी के माध्यम से तितलियों का परिचय एवं बेसिक बटरफ्लाई स्टडी कराई गई। दोपहर में प्रतिभागियों ने बटरफ्लाई ट्रेल में भाग लेकर विभिन्न प्रजातियों का अवलोकन एवं अध्ययन किया। शाम को हाई-टी के पश्चात स्थानीय पारंपरिक बैगा नृत्य की प्रस्तुति ने कार्यक्रम में स्थानीय संस्कृति का रंग जोड़ा। इसके साथ ही चितेर फाउंडेशन के संस्थापक श्री बलबीर विश्वकर्मा द्वारा लाइव स्टोन पेंटिंग सेशन आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने प्रकृति एवं वन्यजीवों को कला के माध्यम से अभिव्यक्त होते देखा। इसके बाद रात्रि भोजन एवं मॉथ स्टडी का आयोजन किया गया। द्वितीय दिवस की शुरुआत प्रातः नाश्ते के बाद बटरफ्लाई ट्रेल से हुई। प्रतिभागियों ने तितलियों के साथ-साथ वन क्षेत्र की विभिन्न जैवविविधताओं का अवलोकन एवं अध्ययन किया।



खबर संक्षेप

शिक्षा गुणवत्ता व योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक

कवर्धा। अभ्युदय स्कूल कवर्धा के सभागार में जिले के सभी अशासकीय विद्यालयों के संस्था प्रमुखों की बैठक आयोजित कर इन्सापायर अवार्ड मानक, एमबीयू, आधार, अपार आईडी जनरेशन की अद्यतन स्थिति निःशुल्क पाठ्य-पुस्तक की आपूर्ति, वितरण एवं पोर्टल पर आनलाईन एण्ट्री, जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र, छात्रवृत्ति संबंधी प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने संबंधी विस्तृत दिशा निर्देश सहायक संचालक यू.आर.चन्द्राकर व निलेश चन्द्रवंशी द्वारा प्रदान किया गया। बैठक में सहायक संचालक एमके गुप्ता ने शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

50 ग्रामीणों ने 5 घंटे में बना दी पुलिया, 15 साल से पक्के पुल का इंतजार

- श्रमदान से बैजागी नाले पर तैयार किया अस्थायी रास्ता, ग्रामीणों की मांग पर जनप्रतिनिधियों ने नहीं दिए कान

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कहते हैं कि जहां चाह होती है, वहां राह निकल ही आती है। इस कहावत को ग्राम खपरी के ग्रामीणों ने चरितार्थ कर दिखाया है। जिला मुख्यालय से करीब 25 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम खपरी के ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के भरोसे बैठने के बजाय खुद ही समस्या का समाधान निकाल लिया।

महामाया मंदिर जाने वाले मार्ग पर स्थित बैजागी नाले में ग्रामीणों ने श्रमदान कर महज 5 घंटे में अस्थायी पुलिया तैयार कर दी। इससे नवरात्रि में मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं और खेतों तक जाने वाले किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। ग्राम खपरी से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर बैजागी नाला स्थित है। इसी मार्ग से होकर श्रद्धालु महामाया मंदिर पहुंचते हैं। हर वर्ष क्वांर नवरात्रि और चैत्र नवरात्रि के दौरान मंदिर में दीप प्रज्वलित किया जाता है।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्त माता के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। लेकिन नाले में तीन फीट से अधिक गहरा पानी बहने के कारण बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को इसे पार करने में काफी परेशानी होती थी। यही रास्ता किसानों के खेतों तक पहुंचने का मुख्य मार्ग भी है। ऐसे में किसानों को भी आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ता था।

15 साल से लगाते रहे गुहार, हर बार मिला आश्वासन

ग्रामीणों के अनुसार, बैजागी नाले पर पक्के पुल के निर्माण की मांग पिछले 15 वर्षों से की जा रही है। इस दौरान जनपद और जिला स्तर के जनप्रतिनिधियों से लेकर विधायक और सांसद प्रतिनिधियों तक कई बार आवेदन सौंपे गए। हर साल पुल निर्माण की मांग उठाई गई, लेकिन ग्रामीणों को केवल आश्वासन ही मिला। वर्षों बीत जाने के बाद भी नाले पर पक्के पुल का निर्माण नहीं हो सका। आखिरकार ग्रामीणों ने इंतजार छोड़कर खुद ही रास्ता बनाने का निर्णय लिया।

घरों से बोरी लाए, मिट्टी और रेत भरकर बना दी पुलिया



ग्रामीणों ने एकजुट होकर श्रमदान की मिसाल पेश की। रविवार सुबह से ही 50 से अधिक ग्रामीण पुलिया निर्माण के काम में जुट गए। सभी अपने-अपने घरों से खाली प्लास्टिक की बोरियां लेकर पहुंचे। इन बोरियों में मिट्टी और रेत भरकर उन्हें एक के ऊपर एक व्यवस्थित तरीके से जमाया गया। करीब पांच घंटे तक लगातार मेहनत करने के बाद नाले पर अस्थायी पुलिया तैयार हो गई। पुलिया बनकर तैयार होते ही ग्रामीणों के चेहरे खुशी से खिल उठे। वर्षों से चली आ रही समस्या का अस्थायी समाधान मिलने पर ग्रामीणों ने जय महामाया के जयकारे लगाए। ग्रामीणों के इस सामूहिक प्रयास की पूरे क्षेत्र में सराहना हो रही है। ग्रामीणों की इस पहल ने जनप्रतिनिधियों की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जब 50 ग्रामीण एकजुट होकर महज पांच घंटे में आवागमन के लिए अस्थायी रास्ता तैयार कर सकते हैं, तो फिर 15 वर्षों में नाले पर एक पक्का पुल क्यों नहीं बन सका? ग्रामीणों का यह प्रयास व्यवस्था के सामने एक बड़ा सवाल खड़ा करता है।

अगली नवरात्रि से पहले पक्के पुल के निर्माण की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि अगले वर्ष नवरात्रि से पहले बैजागी नाले पर पक्के पुल का निर्माण कराया जाए। उनका कहना है कि हर साल अस्थायी व्यवस्था करने की मजबूरी से छुटकारा मिलना चाहिए। स्थायी पुल बनने से श्रद्धालुओं को मंदिर पहुंचने में सुविधा होगी और किसानों को भी सालभर अपने खेतों तक आने-जाने में परेशानी नहीं होगी। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि इस बार उनकी वर्षों पुरानी मांग पर प्रशासन गंभीरता से पहल करेगा।

कार्यवाई: ग्रामीणों से की 2.10 लाख की वसूली, सत्यापन में खुली पोल

फर्जी वन अधिकार पट्टा के नाम पर ठगी, एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

वन अधिकार पट्टा बनवाने का झांसा देकर ग्रामीणों से लाखों रुपए की ठगी करने और फर्जी दस्तावेज थमाने के मामले में झलमला पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी राजेन्द्र धुर्वे आयु 36 वर्ष निवासी ग्राम अंजना को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जिला जेल कबीरधाम भेज दिया है।

आरोपी के कब्जे से फर्जी वन अधिकार पट्टों की प्रतियां भी जब्त की गई हैं। मामले में उसके अन्य साथी की भूमिका की जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार, ग्राम अंजना निवासी पंछू सिंह धुर्वे ने थाना झलमला में शिकायत दर्ज कराई थी कि गांव के ही राजेन्द्र धुर्वे ने उसे और उसकी पत्नी को वन अधिकार पट्टा बनवाकर देने का झांसा दिया था। इसके एवज में आरोपी ने उनसे एक लाख रुपए लिए थे। कुछ समय बाद आरोपी ने उन्हें वन अधिकार पट्टा दिया।

इसी दस्तावेज के आधार पर पंछू सिंह धुर्वे केसीसी ऋण और खाद लेने के लिए सोसायटी पहुंचा। वहां दस्तावेजों की जांच के दौरान पट्टे के फर्जी होने की जानकारी सामने आई।



साथी आरोपियों की तलाश जारी

झलमला पुलिस ने आरोपी राजेन्द्र धुर्वे पिता छत्तर सिंह धुर्वे को 3 अक्टूबर 2026 को गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ अपराध क्रमांक 14/2026 के तहत बीएनएस की धारा 318(4), 338 और 336(3) में मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में जिला जेल भेज दिया गया। कार्रवाई थाना प्रभारी निरीक्षक आशीष कंसारी के नेतृत्व में की गई। इसमें प्रधान आरक्षक वसीम रजा कुरैशी, लुदुराम साहू और आरक्षक राजेंद्र धुर्वे एवं सुदर्शन का योगदान रहा। पुलिस मामले में शामिल अन्य व्यक्ति की भूमिका की जांच कर रही है।

ठगों ने तीन ग्रामीणों से लिए थे 2.10 लाख रुपए

मामले की विवेचना के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी ने अन्य ग्रामीणों को भी इसी तरह अपना शिकार बनाया था। ग्राम अंजना निवासी संतोष धुर्वे से 60 हजार रुपए और चमर सिंह कुशरे से 50 हजार रुपए वन अधिकार पट्टा बनवाने के नाम पर राशि ली गई थी। इस तरह आरोपी द्वारा तीन ग्रामीणों से कुल 2 लाख 10 हजार रुपए लेने की बात सामने आई। अब पुलिस मामले में आगे की कार्यवाही कर रही है।

वन विभाग के सत्यापन में फर्जी मिले दस्तावेज

पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित वन अधिकार पट्टों का वन विभाग कवर्धा से सत्यापन कराया। जांच के दौरान विभागीय रिकॉर्ड में इन पट्टों का कोई उल्लेख नहीं मिला। दस्तावेज फर्जी और कूटरचित पाए गए। पूछताछ में आरोपी ने अपने अन्य साथी के साथ मिलकर फर्जी वन अधिकार पट्टा तैयार करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने उसके कब्जे से दस्तावेजों की प्रतियां जब्त कर लीं।

अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई 10 प्रकरणों में 12 आरोपी गिरफ्तार



- पिपरिया में दो आरोपी गिरफ्तार, बाइक भी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले में अवैध शराब की बिक्री, शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने और सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करने वालों के खिलाफ कबीरधाम पुलिस ने अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की है।

पुलिस ने 2 से 4 अक्टूबर तक जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में आबकारी एक्ट के तहत कुल 10 प्रकरण दर्ज कर 12 आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की। इस दौरान 29.640 लीटर देशी शराब, 2,520 रुपए बिक्री रकम और शराब परिवहन में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल जब्त की गई।

जब्त सामग्री की कुल कीमत 44,560 रुपए आंकी गई है। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार एवं अमित पटेल के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई।

सिटी कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर अवैध शराब बिक्री के चार मामलों में कार्रवाई की। राजनांदगांव बायपास तिराहा रोड पर नहर किनारे शराब बेचते रामनगर शिवाजी कॉलोनी निवासी धनुष सिंह ठाकुर आयु 40 वर्ष को पकड़ा गया। उसके कब्जे से 60 पौवा देशी शराब, कुल 10.800 लीटर और 320 रुपए बिक्री रकम सहित 5,120 रुपए की सामग्री जब्त की गई। इसी तरह 132 केवी सब स्टेशन के पास भोरमदेव रोड पर रविदास नगर निवासी कुंदन मोंगरे आयु 40 वर्ष से 21 पौवा शराब और 360 रुपए नकद जब्त किए गए। ट्रांसपोर्ट नगर सब्जी मंडी के पास दरींपारा निवासी विजय सारथी आयु 40 वर्ष के कब्जे से 15 पौवा शराब और 220 रुपए बरामद किए गए। वहीं, नया बस स्टैंड जुनवानी रोड पर वार्ड क्रमांक 25 निवासी पिंटू उर्फ दयालु यादव आयु 40 वर्ष से 15 पौवा शराब और 240 रुपए बिक्री रकम जब्त की गई।

जिले के कई थानो में कार्यवाही

निवासी रवि धुर्वे आयु 40 वर्ष और अविनाश साहू आयु 40 वर्ष को गिरफ्तार किया। दोनों के कब्जे से 7.020 लीटर शराब के साथ परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की गई। शराब और वाहन की कुल जब्ती 33,120 रुपए की है। वहीं, मिलन चौक नवघटा में शराब बेचते सुखदेव राजपूत आयु 40 वर्ष को पकड़ा गया। उसके पास से 2.700 लीटर शराब और 200 रुपए बिक्री रकम जब्त की गई। इसी प्रकार थाना कुकदुर पुलिस ने ग्राम कोदवागोडान में शराब दुकान के पास अवैध बिक्री करते बिझौरी निवासी राम धुर्वे आयु 40 वर्ष को पकड़ा। उसके पास से 2.340 लीटर शराब और 280 रुपए नकद जब्त किए गए। वहीं जिले के अन्य थानो में भी इसी तरह से अवैध शराब के खिलाफ कार्यवाही की गई है।

छिरहा की गुंजन का जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मेरे सपनों का भारत विषय पर आयोजित ब्लॉक स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में शासकीय हाई स्कूल छिरहा की छात्रा गुंजन दिवाकर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

इस उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे विद्यालय में विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखकर विभिन्न सह-शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने का भरपूर अवसर प्रदान किया जाता है, जिससे उनका सर्वांगीण विकास संभव हो सके। इसी दिशा में किए जा रहे निरंतर प्रयासों के तहत विद्यार्थियों को चित्रकारी प्रतियोगिता में सम्मिलित कराया गया था।

ब्लॉक स्तर पर शानदार सफलता अर्जित करने के बाद अब गुंजन दिवाकर आगामी पांच अक्टूबर को कवर्धा में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में शामिल होंगी। प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी, व्याख्याता कल्पना मरावी, रंजीता माहेश्वरी एवं वीणाक्षी नामदेव ने गुंजन को हार्दिक बधाई देते हुए जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सफलता प्राप्त करने की शुभकामनाएं दी है।

नाम बदलकर वाहवाही लूट रही सरकार मजदूरों की मेहनत की मजदूरी देने में नाकाम: अमन वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा





मनरेगा का नाम बदलकर वीबी-जी राम जी योजना किए जाने के बावजूद जमीनी हकीकत में मजदूरों की परेशानी कम होने के बजाय भुगतान को लेकर सवाल लगातार खड़े हो रहे हैं।

सरकार की ओर से 15 दिनों में मजदूरी भुगतान की बात कही जाती है, लेकिन दो महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद भी मजदूरों को उनकी मेहनत की मजदूरी नहीं मिल पाई है। अमन वर्मा उपसरपंच ग्राम पंचायत बद्दो, ने कहा कि सरकार नाम और योजनाओं के नाम बदलकर अपनी उपलब्धियां गिनाने में लगी है, लेकिन गांवों में काम करने वाला मजदूर आज भी अपनी मेहनत की कमाई के लिए इंतजार कर रहा है। यह स्थिति सरकार के दावों और जमीनी हकीकत के बीच का अंतर साफ दिखाती है। उन्होंने कहा कि सिर्फ मजदूरी ही नहीं, बल्कि मनरेगा के तहत कराए गए कार्यों की मटेरियल राशि भी लगभग 10–12 महीनों से लंबित बताई जा रही है।

इसका सीधा असर ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों और स्थानीय स्तर पर काम करने वाले लोगों पर पड़ रहा है। श्री वर्मा ने कहा कि जब 15 दिनों में भुगतान का दावा है, तो महीनों से मजदूरों का भुगतान क्यों अटका हुआ है? जब विकास कार्यों की बात होती है, तो मटेरियल का भुगतान 10–12 महीने तक लंबित क्यों है? क्या सरकार के लिए मजदूर की मेहनत की कमाई से ज्यादा महत्वपूर्ण सिर्फ योजनाओं का नाम बदलना है? उन्होंने मांग की कि लंबित मजदूरी और मटेरियल भुगतान की स्थिति सार्वजनिक की जाए तथा पात्र मजदूरों एवं संबंधित हितग्राहियों का भुगतान तत्काल किया जाए।

उन्होंने कहा कि मजदूरों को घोषणा नहीं, उनकी मेहनत की पूरी और समय पर मजदूरी चाहिए। नाम बदलने से जिम्मेदारी नहीं बदलती सरकार को भुगतान व्यवस्था की जवाबदेही तय करनी होगी।

पौधारोपण के साथ बच्चों ने किया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शासकीय प्राथमिक शाला कोडार, संकुल अमलीडीह में पर्यावरण संरक्षण एवं सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वृक्षारोपण एवं न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शाकंभरी बोर्ड के सदस्य एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि विजय पटेल, शिक्षा समिति अध्यक्ष सेवाराम पटेल, एबीईओ गुप्ता, संकुल सीएससी भूपेंद्र ठाकुर एवं सीआरसी शर्मा विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर शाला परिवार एवं अतिथियों ने नवपदस्थ प्रधान पाठक राजू कुमार पाटिल का पुष्पहार पहनाकर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों एवं शिक्षकों ने विद्यालय परिसर में फलदार और छायादार पौधों का रोपण किया।

साथ ही पौधों के संरक्षण और पर्यावरण को हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया। इसके बाद अतिथियों, शिक्षकों और बच्चों ने एक साथ बैठकर न्योता भोज का आनंद लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सामूहिक सहभागिता से कार्यक्रम सफल रहा।

अभियान के दौरान स्वच्छता के साथ गौसेवा और संस्कारों का दिया संदेश

गौशाला में स्वच्छता अभियान शुरू, किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

स्वच्छता, गौसेवा और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रामा गौशाला में रविवार को विशेष स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया। 4 अक्टूबर 2026 से शुरू हुए इस अभियान के तहत अब प्रत्येक रविवार सुबह 6 से 7 बजे तक सामूहिक रूप से साफ-सफाई की जाएगी।

अभियान के पहले दिन बड़ी संख्या में युवा, बच्चे और गौसेवक गौशाला परिसर में पहुंचे। सभी ने मिलकर झाड़ियों, घास-फूस और अनावश्यक वनस्पतियों की सफाई की। बच्चों ने भी उत्साह से श्रमदान किया। इस दौरान उन्होंने गौशाला में मौजूद बछड़ों को दुलार कर गौवंश के प्रति प्रेम और संवेदना का परिचय दिया। गौशाला के स्वच्छता प्रमुख सोहन यादव ने कहा कि गौशाला केवल गौवंश संरक्षण का स्थान नहीं, बल्कि सेवा, प्रकृति और संस्कारों से जुड़ने का माध्यम भी है। स्वच्छ वातावरण गौवंश के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है।

उन्होंने नगरवासियों से प्रत्येक रविवार एक घंटा गौशाला की सेवा के लिए समर्पित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सामूहिक सहयोग से ही गौशाला को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाया जा सकता है। अभियान का उद्देश्य बच्चों में गौवंश के प्रति प्रेम, करुणा और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना भी है।

समाज के सभी वर्गों से जुड़ने की अपील



अभियान में मेघानंद शास्त्री, ओम प्रकाश शर्मा, श्रीनिवास मिश्र, वीरेंद्र राजपूत, सागर श्रीवास्तव, सुनील केशरवानी, बड़कू यादव, हीरा यादव और फलित यादव सहित अनेक गौसेवक एवं बच्चे शामिल हुए।

गौशाला प्रबंधन ने नागरिकों, महिलाओं, युवाओं और सामाजिक संगठनों से नियमित रूप से श्रमदान कर स्वच्छ गौशाला, स्वस्थ गौवंश और स्वच्छ पर्यावरण के संकल्प को साकार करने की अपील की।

कल्याणकारी सृजन संस्था ने वन्य जीव संरक्षण के लिए चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

वन्य प्राणी सप्ताह के तहत कल्याणकारी संस्था सृजन द्वारा वन्य जीवों के संरक्षण और पर्यावरण संतुलन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

संस्था के सदस्यों ने शहर के कमल तालाब और लालपुर नर्सरी परिसर में पहुँचकर पक्षियों को दाना खिलाया तथा स्थानीय लोगों को वन्य जीवों के संरक्षण का संकल्प दिलाया। इस दौरान बताया गया कि तालाब, जंगल और नर्सरी ही पक्षियों और छोटे वन्य जीवों का प्राकृतिक आवास है, जिसे बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है।

संस्था अध्यक्ष अवधेश पांडेय ने कहा कि मनुष्य और वन्य प्राणियों का सह-अस्तित्व ही स्वस्थ पर्यावरण की नींव है। यदि वन्य जीव विलुप्त हुए तो पारिस्थितिक तंत्र का पूरा चक्र प्रभावित होगा। कार्यक्रम संयोजक रमेश रावत ने कहा कि युवाओं और स्कूली बच्चों में वन्यजीव प्रेम की भावना जगाने के लिए ऐसे ही अभियान चलाए जाने की जरूरत है। इस अवसर पर सृजन संस्था के निखिल वर्मा, मुनव्वर बेग, एजाज खान, हेमधर साहू, प्रशांत सागर एवं डॉ सदाराम कोसले सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

